फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री हरलाल बोहरा रेगर 702, आडपाल ताल के मजरे, रेगरान मोहल्ला, सोहनगढ़ तहसील देवगढ़ — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा—अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 25/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक **31.07.2023** पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से जरिये पत्रांक क्रमांक सूकाअ/244992332054031/2023/61 दिनांक 06.07.2023 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना उपलब्ध रिकार्ड अनुसार प्रार्थी को लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से जरिये पत्रांक सूकाअ/ 244992332054031/2023/51 दिनांक 30.06.2023 द्वारा प्रार्थी ऑनलाईन सूचित करवा दिया गया है लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना के आवेदन का निस्तारण कर अपीलार्थी को जरिये पत्रांक सूकाअ/244992332054031/2023/51 दिनांक 30.06.2023 से सूचित किया जा चुका हैं। अतः प्रस्तुत अपील अपीलार्थी को अस्वीकार कर खारिज किया जाता हैं। अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना की उपलब्धता के संबंध में समूचित जॉच कर संबंधित सक्षम लोक सूचना अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करें। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** न्यायालय जिला कलक्टर **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	